# महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** कटरा पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर अश्लील गाना गाने व महिलाओं तथा लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले एक मनचले को जेतवन तिराहा से अंगुलिमाल गुफा जाने वाले मार्ग से गुरुवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलरामपुर के कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित बालवारी निवासी सुमित कुमार पुत्र रामफेरन के रूप में हुई।

# किशोरी को अगवा करने वाला गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संगमपुरवा के मजरा मानपुरवा निवासी सर्वेश कुमार उर्फ विरेठ पुत्र शोभाराम चार दिसंबर को थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को बहका फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को तलाश रही थी। पुलिस ने आरोपी को मधवापुर पुल से सेमरहनिया जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।